नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
• बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 140/2021
Dt-2-4-2021

अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक,
बिहार राज्य पावर (होल्डिंग) कंपनी लि0,
पटना।

विषयः– **मधुबनी जिलान्तर्गत लखनौर प्रखंड के मदनपुर में 33/11के0वी0ए0 विद्युत उपकेन्द्र के अधिष्ठापन के संबंध में।**

महाशय,

मधुबनी जिलान्तर्गत मेरे विधान सभा क्षेत्र झंझारपुर के लखनौर प्रखंड के मदनपुर ग्राम में विद्युत उपकेन्द्र का अधिष्ठापन कराना जनहित में आवश्यक है। कार्यरत विद्युत उपकेन्द्र की अधिक दूरी होने के कारण क्षेत्रीय आमजनों को विद्युत आपूर्ति में रूकावटें तथा विद्युत भार बढ़ने से लो–वोल्टेज की समस्या सदैव बनी रहती है।

मदनपुर में 33/11के0वी0ए0 विद्युत उपकेन्द्र की अधिष्ठापन होने से लखनौर प्रखंड के मदनपुर पंचायत, झंझारपुर प्रखंड के नरूआर, लोहना दक्षिणी, लोहना उत्तरी, महिनाथपुर पंचायत एवं दरभंगा जिले के तारडीह प्रखंड के पोखरभिन्डा, लगमा, उजान, कथवार पंचायत आदि लगभग 10 पंचायतों को सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति की सुविधा मिल जाएगी, जिसकी माँग स्थानीय ग्रामीणों द्वारा लगातार की जाती रही है।

ज्ञातव्य है कि मदनपुर में विद्युत उपकेन्द्र की अधिष्ठापन हेतु आवश्यक भूमि भी उपलब्ध है।

अतः अनुरोध है कि वर्त्तमान वित्तीय वर्ष 2021–22 में ही लखनौर प्रखंड के मदनपुर में 33/11के0वी0ए0 विद्युत उपकेन्द्र अधिष्ठापन हेतु आवश्यक कार्रवाई करना चाहेंगे।

शुभकामनाओं के साथ,

भवदीय

Nitish Mishra
2.4.21
(नीतीश मिश्रा)

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in